This question paper contains **3** printed pages]

G—264—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Third Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2018

HINDI

Paper XII

(दलित विमर्श, भाग-1)

(Monday, 3-12-2018) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—Three Hours *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10+10

(अ) ''हमारे बीच अब किसी तरह का अलगाव अथवा असमानता न रहे। जातिगत अथवा धर्म के सूचक किसी गोत्र अथवा उपनाम का भी अपने नाम के साथ प्रयोग नहीं करें हम, केवल मनुष्यता का रिश्ता हो हमारे बीच। मनुष्यता ही हमारा गोत्र हो, मनुष्यता ही हमारी जाति और मनुष्यता ही हमारा धर्म हो।''

अथवा

''अश्वत्थामा को तो दूध की जगह आटे का घोल पिलाया गया और हमें चावल का माँड़। फिर किसी भी महाकाव्य में हमारा जिक्र क्यों नहीं आया ? किसी महाकवि ने हमारे जीवन पर एक भी शब्द क्यों नहीं लिखा ?''

(आ) ''कौन कहता है व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता। आखिर आदमी की ही तो बनाई हुई हैं सारी व्यवस्थाएँ, और सारी व्यवस्थाएँ आदमी के लिए ही हैं। तब, यदि किसी व्यवस्था में दोष हो और वह उत्थान की बजाय पतन का कारण बनती हो, तो उसे अवश्य बदला जा सकता है और बदला जाना चाहिए।''

P.T.O.

6D7FBE57ACC50762E61E7F819B71A1D6

अथवा

''साथियो, यह बड़े ही दु:ख का विषय है कि जब-जब दलित समाज के लोग नई राह पकड़कर अपनी उन्नति करना चाहते हैं तब-तब साम, दाम, दंड, भेद आदि युक्ति निकालकर हिंदू मानसिकता के लोग चारों ओर से आक्रमण करके हमारी प्रगति में बाधा उपस्थित करते हैं।''

2. दलित साहित्य के स्वरूप एवं महत्व को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

दलित साहित्य के विकासक्रम को रेखांकित कीजिए।

3. '' 'छप्पर' उपन्यास दलितों की शिक्षा और सामाजिक क्रांति का सशक्त पक्षधर है''—इस विधान की चर्चा कीजिए। 15

अथवा

'' 'जूठन' एक ऐसी आत्मकथा है जो सवर्णों को आत्मपरीक्षण के लिए विवश करती है और दलितों को स्वाभिमान के साथ खड़े होने के लिए ऊर्जा देती है''—चर्चा कीजिए।

4. टिप्पणियाँ लिखिए : 5

(अ) 'छप्पर' उपन्यास की रजनी;

अथवा

'पानी का नलका' कहानी का कथ्य।

(आ) 'जूठन' आत्मकथा में लेखक का जीवन-संघर्ष; 5

अथवा

'छप्पर' उपन्यास का हरिया।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **पंद्रह-बीस** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) सत्यप्रकाश की साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(*ii*) अछूतानंद हरिहर के साहित्य में व्यक्त दलित चेतना को स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) गुरुचरण सिंह के साहित्य का परिचय दीजिए।

(*iv*) अरुण कुमार के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

6D7FBE57ACC50762E61E7F819B71A1D6

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'दर्द कैसे चुप रहे' के कवि कौन हैं ?

(*ii*) अरुण कुमार का जन्म कहाँ हुआ ?

(*iii*) 'डॉ. आंबेडकर को नकारे जाने की साजिश' किसकी रचना है ?

(*iv*) गुरुचरण सिंह का जन्म किस ई. सन् में हुआ ?

(*v*) 'रामराज्य का न्याय' के नाटककार कौन हैं ?

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'एक और अभिषेक' .... का कहानी संग्रह है।

(*ii*) .... आर्य समाज से जुड़े थे।

(*iii*) 'यात्रा' .... की रचना है।

(*iv*) कंवल आरती का जन्म .... प्रदेश में हुआ।

(*v*) अरुण कुमार का जन्म .... ई. सन् में हुआ।

6D7FBE57ACC50762E61E7F819B71A1D6